


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शनिवार, 04 अप्रैल-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 187 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







# कोरोना की दस्तक!

## यूके सहित 23 देशों में फैल रहा नया वैरिएंट सिकाडा

● वैज्ञानिकों की टीम फिर से कमजोर इम्युनिटी वालों को वैक्सीन लगाने की सलाह दे रही



**नई दिल्ली।** साल 2020-23 के बीच पूरी दुनिया को लगभग रोक देने वाला कोरोनावायरस अब एक नए वैरिएंट के साथ फिर से एक्टिव होता दिख रहा है। जिसे वैज्ञानिकों ने सिकाडा नाम दिया है। प्रारंभिक अध्ययनों में पाया गया कि ये वैरिएंट तेजी से फैल सकता है और उन लोगों को भी संक्रमित करने की क्षमता वाला हो सकता है जो पहले के संक्रमण और वैक्सीन से इम्युनिटी बना चुके थे। अब हालिया रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि देखते ही देखते ये वायरस यूके सहित 23 देशों में फैल चुका है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में फिलाहाल ये तो स्पष्ट नहीं किया गया है कि इससे कितने लोग संक्रमित हुए हैं पर विशेषज्ञों की टीम लगातार इसे चिंताजनक मानते हुए लोगों को अलर्ट कर रही है। अगर आसान भाषा में समझें तो वायरस वही है, लेकिन इसका व्यवहार थोड़ा बदल गया है। इसके खतरे को देखते हुए वैज्ञानिकों की टीम फिर से कमजोर इम्युनिटी वालों को वैक्सीन लगाने की सलाह दे रही है। सिकाडा वैरिएंट के फैलने की रफ्तार और इसकी प्रकृति को देखते हुए अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि ये नया वैरिएंट जल्द ही यूके में सबसे ज्यादा फैलने वाला स्ट्रेन बन सकता है। इसके चलते विशेषज्ञों ने मांग की है कि कोविड वैक्सीन को प्री-स्कूल टीकाकरण कार्यक्रमों में शामिल किया जाए। फिलहाल ये वैरिएंट यूके सहित 23 देशों में रिपोर्ट किया जा चुका है। इस बारे में लीड्स यूनिवर्सिटी के वायरल ऑन्कोलॉजिस्ट प्रोफेसर स्टीफन ग्रिफिन कहते हैं, इसकी एक वजह जॉइंट कमिटी ऑन वैक्सीनेशन एंड इम्यूनाइजेशन (जेसीवीआई) की 'दूरदर्शिता की कमी वाली' सलाह है, जिसमें बच्चों के लिए वैक्सीन को 'वैकल्पिक' रखने की बात कही गई थी। अभी इस वायरस की गति को देखकर ऐसा नहीं लगता कि यह कोई तेजी से फैलने वाली महामारी की लहर है। यह पिछले साल की तरह ही धीरे-धीरे बढ़ने वाला ही लग रहा है। फिर भी, ज्यादा संक्रमण का मतलब है कि वायरस के म्यूटेशन की संभावना भी ज्यादा हो जाती है। ऐसी स्थिति में इस बात का भी खतरा रहता है कि म्यूटेशन के बाद वायरस में ऐसे बदलाव आ जाएं जो नई मुसीबतों का कारण बन सकते हैं। पिछली लहरों के दौरान दोबारा संक्रमण होने और बच्चों में लॉन्ग कोविड के जोखिमों को ध्यान में नहीं रखा गया था। ऐसे में हमें यह याद रखना चाहिए कि अभी भी बहुत से लोग वैक्सीन से मिलने वाली सुरक्षा से वंचित हैं। ये वायरस पहले से ही वैक्सीन से बनी इम्युनिटी को चकमा देने वाला पाया गया है, ऐसे में खतरा और भी ज्यादा हो सकता है।

### आगरा में ओले गिरे, कासगंज में भाई-बहन की मौत, मथुरा में आंधी-पानी

**आगरा/प्रयागराज/कानपुर।** यूपी में मौसम फिर से बिगड़ गया है। आगरा में देर रात ओले गिरे। मथुरा और संभल में बारिश हुई। कासगंज में आंधी से पेड़ टूटकर गिर गया। बारिश से बचने के लिए नीचे खड़े भाई-बहन की दबकर मौत हो गई। शनिवार सुबह से मेरठ-गाजियाबाद समेत 20 शहरों में बादल छाए हैं। तेज हवाएं चल रही हैं। मौसम विभाग ने शनिवार यानी आज 35 जिलों में बारिश और ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है। 55 जिलों में गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की आशंका है। इस दौरान 50 से 60 किमी की रफ्तार से आंधी चल सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम में यह बदलाव आया है। 9 अप्रैल तक यानी अगले 5 दिन मौसम ऐसा ही रहेगा।

### टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ यूपी सहित 20 राज्यों के शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को सभी शिक्षकों के लिए अनिवार्य किए जाने के विरोध में शनिवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में जोरदार प्रदर्शन हुआ। इसमें यूपी सहित देशभर के 20 लाख से ज्यादा शिक्षक शामिल हुए। टीचर्स फेडरेशन आफ इंडिया (टीएफआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. दिनेश चंद्र शर्मा और महासचिव राम मूर्ति ठाकुर के नेतृत्व में लाखों शिक्षकों की ओर से पीएम नरेंद्र मोदी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई है कि सुप्रीम कोर्ट के 1 सितंबर 2025 के फैसले का पिछला (भूतलक्षी) असर खत्म किया जाए। इसके लिए तुरंत अध्यादेश लाया जाए। संसद में कानून बनाकर आरटीई 2009 से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी अनिवार्यता से छूट दी जाए।

### धुरंधर के डायलॉग से राघव चड्ढा का विरोधियों को जवाब

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को लेकर उनकी ही पार्टी के नेताओं ने मोर्चा खोल रखा है। आतिशी, सौरभ भारद्वाज, संजय सिंह समेत तमाम पार्टी के दिग्गज उन्हें टारगेट कर रहे। इन हमलों का इ सांसद ने फिल्म धुरंधर के एक डायलॉग से करारा जवाब दिया है। उन्होंने शनिवार को वीडियो मैसेज शेयर करके दो टूक कहा कि 'घायल हूं इसलिए घातक हूं।' उन्होंने कहा, 'मैं बोलना नहीं चाहता था, मगर चुप रहता तो बार-बार दोहराया गया झूठ भी सच लगने लगता। तीन आरोप, जीरो सच्चाई। इसी के साथ उन्होंने वीडियो शेयर करके अपनी बात रखी। मेरे खिलाफ एक स्क्रिप्टेड कैंपेन चलाया जा रहा है। एक ही भाषा, एक ही बातें और एक ही आरोप, ये कोई संयोग नहीं, साजिश है मेरे खिलाफ।

### स्कूलों में अंग्रेजी की अनिवार्यता खत्म विदेशी भाषाओं में शामिल

**नई दिल्ली।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (CBSE) का नया करिकुलम क्लास 6 के स्टूडेंट्स के लिए 3 भाषाओं का एक नया फॉर्मूला लाया है। क्लास 6 से अब तीन भाषाओं में से दो भारतीय भाषाएं पढ़ना जरूरी होगा। नैशनल एजुकेशन पॉलिसी (NEP) के तहत अकैडमिक सेशन 2026-27 से सीबीएसई का यह फैसला स्कूल एजुकेशन में बड़ा बदलाव लेकर आएगा। हालांकि, दूसरी भारतीय भाषा कौन सी होगी, यह कैसे तय होगा? बोर्ड ने यह स्कूलों पर छोड़ा हुआ है। सीबीएसई बोर्ड द्वारा जारी भाषाओं के नए सिस्टम के मुताबिक, क्लास 6 के बच्चे अब तीन भाषाओं में दो भारतीय भाषाएं पढ़ेंगे।

### सातवें एलपीजी टैंकर ग्रीन शान्वी ने होर्मुज को सुरक्षित पार किया

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच भारत के लिए एक और राहत भरी खबर है। भारतीय झंडे वाला एलपीजी टैंकर ग्रीन शान्वी 3 अप्रैल 2026 की रात हॉर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित रूप से गुजर गया। जहाज में करीब 46,650 मीट्रिक टन एलपीजी कार्गो लदा हुआ था। आने वाले दिनों में दो और भारत-ध्वज वाले एलपीजी टैंकर ग्रीन आशा और जग विक्रम भी हॉर्मुज जलडमरूमध्य पार कर भारत की ओर रवाना होंग

## वामपंथ का नामोनिशां मिट जाएगा

● केरल में राहुल गांधी का एलडीएफ पर हमला



**तिरुवनंतपुरम।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वाम लोकतांत्रिक मोर्चे (एलडीएफ) पर अपनी मूल विचारधारा को त्यागने का आरोप लगाया और कहा कि आगामी चुनावों के बाद एलडीएफ में कुछ भी वामपंथी नहीं बचेगा। 4 अप्रैल को केरल के अलाप्पुझा में एक जनसभा में बोलते हुए गांधी ने एलडीएफ की सिद्धांतों से समझौता करने के लिए आलोचना की। उन्होंने कहा कि एलडीएफ कई सालों से हमारे विरोधी रहे हैं, हमने उनसे लड़ाई लड़ी है और आगे भी लड़ते रहेंगे। लेकिन कई सालों तक वे कुछ ऐसे विचारों के लिए खड़े रहे जिनसे हम सहमत नहीं थे, और हमने उन्हीं विचारों के आधार पर उनका विरोध किया। लेकिन वे किसी बात के लिए खड़े थे, और उसी के प्रतीक के रूप में उनके संगठन के नाम में 'वामपंथी' शब्द है। राहुल ने सवाल किया कि एलडीएफ का मतलब क्या है? वाम लोकतांत्रिक मोर्चा। सच कहूं तो, वाम मोर्चे में कुछ भी 'वामपंथी' नहीं है, और चुनाव के बाद वाम मोर्चे में कुछ भी 'वामपंथी' नहीं बचेगा।

### मुर्शिदाबाद में कांग्रेस पर हमला, टीएमसी पर आरोप

**बहरामपुर।** कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने शनिवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कार्यकर्ताओं और समर्थकों पर हमला करने का आरोप लगाया। मुर्शिदाबाद जिले की बहरामपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार चौधरी ने दावा किया कि चुनाव प्रचार के दौरान उन पर हमला किया गया। इस घटना ने पश्चिम बंगाल में चल रहे चुनावी माहौल में तनाव को और बढ़ा दिया है। कांग्रेस नेता के साथ यह घटना तब हुई, जब अधीर रंजन चौधरी बहरामपुर विधानसभा क्षेत्र में एक जनसंपर्क अभियान में भाग ले रहे थे। आरोप है कि टीएमसी के कार्यकर्ताओं ने अचानक अभियान में बाधा डाली और चौधरी समेत उनके समर्थकों पर हमला किया।

### कुएं में कार गिरने से एक ही परिवार के नौ लोगों की मौत, मृतकों में छह बच्चे शामिल

● समारोह से लौटते वक्त हुआ हादसा

**नासिक।** महाराष्ट्र पुलिस ने आज शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि नासिक जिले में शुक्रवार रात एक हादसे में एक ही परिवार के नौ लोगों की मौत हो गई। मृतकों में छह बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, यह हादसा डिंडोरी कस्बे के शिवाजी नगर इलाके में हुआ। परिवार के सभी सदस्य एक समारोह में शामिल होकर घर लौट रहे थे, तभी उनकी कार अनियंत्रित होकर पास के एक कुएं में जा गिरी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और आपातकालीन सेवाएं मौके पर पहुंचीं। राहत-बचाव अभियान के तहत दो क्रेन और तैराकों की मदद से आधी रात के आसपास कार और उसमें सवार सभी लोगों को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक सभी की मौत हो चुकी थी। सभी मृतक डिंडोरी तालुका के इंदोरे गांव निवासी दरगुड़े परिवार के सदस्य थे।

### मेरठ में जहरीली शराब से तीन की मौत के बाद हरकत में आया प्रशासन



● मंदिर और मस्जिदों से शराब से दूर रहने की जारी की गयी अपील

**मोदीपुरम/दौराला।** मेरठ के दौराला में शुक्रवार रात करीब आठ बजे शराब पीने के बाद तीन लोगों की मौत हो गई। डीएम के आदेश पर देसी शराब के ठेके को सील कर दिया गया है। घटना के बाद हरकत में आए प्रशासन ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कस्बे में अलर्ट जारी कर दिया। पुलिस ने दौराला की सभी मंदिरों और मस्जिदों के लाउडस्पीकरों से यह एलान कराया कि कोई भी व्यक्ति फिलहाल शराब के ठेके से शराब न खरीदे। जिन लोगों ने पहले से शराब खरीद रखी है वे उसका सेवन बिल्कुल न करें। शराब का ठेका भाकियू नेता मिंटू अहलावत निवासी दौराला के पिता जयपाल अहलावत के नाम पर है। पुलिस ने देर रात जयपाल अहलावत और ठेके के दो सेल्समैन को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है।

## ईरान ने अमेरिका के दो जंगी विमानों को मार गिराया

### युद्ध विराम का प्रस्ताव दरकिनार, राजनयिक प्रयासों को झटका, शांति की संभावनाएं धूमिल


● इजराइल ने लेबनान में नये हमले शुरू किए महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों को बना रहा निशाना



**तेहरान** ईरान, इज़राइल और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच संघर्ष 36वें दिन में प्रवेश कर चुका है, तनाव तेजी से बढ़ रहा है और इसके कम होने के कोई आसार नहीं हैं। ईरान ने दावा किया है कि उसने दो अमेरिकी युद्धक विमानों को मार गिराया है-एक उसके क्षेत्र में और दूसरा खाड़ी में। दो चालक दल के सदस्यों को बचा लिया गया है, लेकिन खोज अभियान जारी रहने और अभी भी अधिक जानकारी उपलब्ध न होने के कारण स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। इसी बीच, राजनयिक प्रयासों को भी झटका लगा है। ईरान ने अमेरिका के 48 घंटे के युद्धविराम प्रस्ताव को ठुकरा दिया है और शर्तों को अस्वीकार्य बताते हुए वार्ता से भी इनकार कर दिया है। इससे संकेत मिलता है कि शांति वार्ता की संभावनाएं फिलहाल धूमिल होती जा रही हैं। जमीनी स्तर पर स्थिति अस्थिर बनी हुई है। ईरानी हमलों से इज़राइल के कुछ हिस्सों में क्षति हुई है, जबकि इज़राइल ने लेबनान में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को निशाना बनाते हुए नए हमले किए हैं। संघर्ष का प्रभाव खाड़ी क्षेत्र में भी महसूस किया जा रहा है, हवाई रक्षा गतिविधियों से गिरे मलबे के कारण हताहतों की खबरें आ रही हैं।

### होर्मुज संकट के बीच समुद्र में खोजा नया रूट

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में चल रहे तनाव के बीच ईरान ने होर्मुज में पाबंदी लगा रखी है। जिसके कारण दुनियाभर में गैस और तेल की सप्लाई प्रभावित हो रही है। इस बीच जहाजों के आवागमन को लेकर एक राहत भरी खबर सामने आई है। दरअसल, ईरान के होर्मुज वाले सीमा को दरकिनार करते हुए, ओमान की प्रादेशिक समुद्री सीमा के भीतर से एक नया सुरक्षित रास्ता खोजा गया है। इस नए रास्ते से भारतीय मालवाहक जहाज समेत समेत चार बड़े पोत गुजरे हैं। भारतीय जहाज एलएनजी लेकर आ रहा है। ओमान के क्षेत्रीय जलक्षेत्र का उपयोग करने वाला यह नया रूट न सिर्फ जहाजों के लिए सुरक्षित है, बल्कि वैश्विक शिपिंग पर बढ़ते दबाव और ईरान की होर्मुज में नाकाबंदी को कम करने के लिए शुरुआती संकेत दे रहा है। यह नया मार्ग वैश्विक शिपिंग दबाव को कम करने और जहाजों के लिए सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिससे तेल और गैस की आपूर्ति पर असर कम होगा



जनमुख हिन्दी दैनिक City लाईव
● तापमान अधिकतम : 33.7°C
● तापमान न्यूनतम : 18.8°C
● सूर्योदय : 06.11
● सूर्यास्त : 06.05
वाराणसी, 04 अप्रैल, शनिवार 2026 (3)






यूपी पीसीएस में चयनित जितेन्द्र पाण्डेय के अभिनंदन अवसर पर आशा लाइब्रेरी में उपस्थित छात्राएं व अन्य।

# तब की सरकारों के एजेंडे में शिक्षा नहीं थी

## योगी ने किया स्कूल चलो अभियान का शुभारम्भ, बाबा के दरबार में भी मत्था टेका

● शिक्षा व्यवस्था में आए बदलावों को किया रेखांकित





**वाराणसी।** सीएम योगी ने शनिवार सुबह 10 बजे वाराणसी से 'स्कूल चलो अभियान' का शुभारंभ किया। उत्तर प्रदेश के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार को काशी की पावन धरती पर आयोजित स्कूल चलो अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षा व्यवस्था में आए व्यापक बदलावों को रेखांकित किया। उन्होंने शिवपुर के परिषदीय स्कूल के बच्चों को खुद कंधे पर स्कूल बैग पहनाया। गिफ्ट और किताबें दीं। उनसे हालचाल पूछा। बाद में बच्चों को खुद खाना परोसा। सीएम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा सरकार पर हमला किया। कहा-2017 से पहले सरकार के एजेंडे में शिक्षा नहीं थी। उनके लोग नकल कराते थे, ताकि उनके स्कूलों में पढ़ाई न हो। इस तरह की कामचलाऊ व्यवस्था से समाज आगे नहीं बढ़ता। तीसरी, चौथी, पांचवीं और छठी के बाद बच्चे स्कूल छोड़ देते थे। किसी भी सड़क से जाओ तो बच्चे दिनभर घूमते मिलते थे। कोई तालाब में, कोई कीचड़ में, तो कोई भैंसों के साथ खेलता मिलता था। हम बच्चों से पूछते थे कि स्कूल क्यों नहीं जा रहे। पता चलता था कि स्कूल दूर हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने शिक्षकों, शिक्षा मित्रों और अनुदेशकों से अपील की कि वे घर-घर जाकर बच्चों को विद्यालय से जोड़ें और स्कूल चलो अभियान को जन आंदोलन बनाएं। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। इससे पहले, सीएम ने काल भैरव के दर्शन किए। चौखट को हाथ से छूकर प्रणाम किया। फिर मंदिर के अंदर प्रवेश करते समय श्रद्धालुओं और पुजारियों का हाथ जोड़कर अभिवादन किया। इसके बाद बाबा विश्वनाथ मंदिर पहुंचे और बाबा का विधिवत षोडशोपचार विधि से पूजन किया। आरती भी उतारी।

## यूपी पीसीएस में चयनित जितेन्द्र पाण्डेय का किया गया अभिनंदन

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** उत्तर प्रदेश पीसीएस परीक्षा 2024 में सफलता प्राप्त कर नायब तह-सीलदार पद पर चयनित गाजीपुर के नारी पचदेवरा निवासी जितेन्द्र पाण्डेय का आशा लाइब्रेरी में माल्यार्पण और स्मृति चिन्ह देकर जोरदार अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए जितेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि किसी भी सफलता के लिए लक्ष्य निर्धारण, सतत संघर्ष और कठिन परिश्रम आवश्यक है। समन्वयक वल्लभाचार्य पाण्डेय ने कहा कि ग्रामीण परिवेश के युवाओं के लिए पी सी एस परीक्षा में चयन होना एक सपना होता है जिसके लिए व्यवस्थित और नियमित अध्ययन जरूरी है। इस अवसर पर प्रदीप सिंह, सौरभ चन्द्र, सनी, सरोज सिंह, श्वेता सिंह आदि की उपस्थिति रही।

## बरेका में ड्रोन गतिविधियों पर प्रतिबंध

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री और वीवीआईपी आगमन को लेकर बरेका को नो फ्लाई जोन घोषित किया गया है। शुक्रवार और शनिवार को बरेका परिसर व आसपास क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अनधिकृत ड्रोन गतिविधियों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया है। पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल के अनुसार इस अवधि में किसी भी प्रकार के ड्रोन, यूएवी (अनमैन्ड एरियल व्हीकल), पैराग्लाइडर, हॉट एयर बैलून, माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट या अन्य किसी भी उड़ने वाले उपकरण का संचालन पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है। यह प्रतिबंध कार्यक्रम शुरू होने से 24 घंटे पूर्व से कार्यक्रम समाप्ति तक प्रभावी रहेगा। सिर्फ सक्षम प्राधिकारी व सुरक्षा एजेंसियों द्वारा अधिकृत उपकरणों को ही संचालन की अनुमति होगी। आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। संबंधित थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है कि आदेश का कड़ाई से पालन कराएं।

## बिजली गिरने से पति-पत्नी की मौत

**वाराणसी।** वाराणसी के सिंधौरा थाना क्षेत्र के भदेवली गांव में शुक्रवार को दर्दनाक हादसे में दंपति की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई।घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक रमेश चंद्र भारती 58 वर्ष जूनियर हाई स्कूल सिंधोरा में अध्यापक के पद पर कार्यरत थे। उनकी पत्नी चमेला देवी 56 वर्ष के साथ वह अपने खेत में गेहूं की फसल का बोझ बांधने गए थे। बिजली गिरने से झुलसे दंपति को परिजन लेकर जिला चिकित्सालय पहुंचे थे। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। सभी की रो रो के बुरा हाल है।

# अमूल बनास डेयरी प्लांट पर मजदूरों ने किया प्रदर्शन

● ठेकेदार पर लगाया मनमानी का आरोप

● घंटों फंसी रही दूध लाने ले जाने वाली गाड़ियां

### फूलपुर में महिलाओं ने रोका रास्ता





**वाराणसी, औरांव (पिंडरा)।** फूलपुर थाना क्षेत्र के करखिंयाव स्थित अमूल बनास डेयरी प्लांट में शनिवार को सैकड़ों महिला-पुरुष मजदूरों ने वेतन कटौती और ठेकेदारों द्वारा शोषण के आरोप लगाते हुए धरना प्रदर्शन किया। मजदूरों ने कंपनी गेट पर चक्का जाम कर दिया, जिससे दूध लाने-ले जाने वाली दर्जनों गाड़ियां घंटों तक सड़क पर फंसी रहीं। सुबह करीब आठ बजे मजदूर काम पर जाने के बजाय गेट पर ही बैठ गए और नारेबाजी शुरू कर दी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए औद्योगिक चौकी प्रभारी अमित कुमार पांडेय मौके पर पहुंचे। हालांकि, मजदूरों से उनकी तीखी नोकझोंक हुई और उन्हें पीछे हटना पड़ा। इसके बाद, इंस्पेक्टर फूलपुर अतुल कुमार भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने मजदूरों को शांत कराने का काफी प्रयास किया, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। हालात तनावपूर्ण होते देख उच्चाधिकारियों को सूचित किया गया। इसके बाद एडीसीपी गोमती जोन नृपेन्द्र मौके पर पहुंचे। उन्होंने मजदूरों से बातचीत की और उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा तथा किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। इस आश्वासन के बाद मजदूरों ने दूध की गाड़ियों को प्लांट के अंदर जाने की अनुमति दी। धरना स्थल पर मौजूद मजदूरों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार मनमाने ढंग से वेतन दे रहे हैं, समय पर भुगतान नहीं किया जाता और श्रमिकों का लगातार शोषण किया जा रहा है। उन्होंने श्रम विभाग पर भी गंभीर आरोप लगाए।

## प्राथमिक विद्यालय खालिसपुर और गौराकलां में बच्चों को विदाई दी गई



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** चिरईगाँव विकास खंड स्थित प्राथमिक विद्यालय खालिसपुर और गौराकलां में कक्षा 5 के छात्र-छात्राओं के लिए एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ खालिस पुर और गौराकलां विद्यालय की प्रधानाध्यापिका द्वारा किया गया। इस अवसर पर दोनों विद्यालय के जूनियर छात्रों ने अपने वरिष्ठ साथियों के सम्मान में प्रेरणादायक गीत, नृत्य और लघु नाटक प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर शिक्षक आलोक कुमार मौर्य, आबिदा बानो, अमिता शुक्ला, प्रतिभा सिंह, कुसुम सिंह, कमल गुप्ता और गौराकलां स्कूल की कक्षा अध्यापिका रेखा उपाध्याय, एहतेशामुल हक, अनीता सिंह, सादिया तबस्सुम, शशिकला, ज्योति कुमारी, शक्ति कुमारी इत्यादि उपस्थित रहीं।

# बालाजी पैलेस की नुमाइश में लगे कई शहरों के स्टॉल

## व्यापारियों और हस्तशिल्पकारों को एक मंच पर लाने की क़वायद

● प्रदर्शनी में लगाए गए उत्पादों के स्टॉल ने युवाओं को किया आकर्षित



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** बालाजी पैलेस, महमूरगंज में कल शुक्रवार को 'पंख एक नई उड़ान' नुमाइश का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का यह 11वां संस्करण रहा जिसमें कुल 51 स्टॉल लगाए गए। इस स्टॉल्स में दिल्ली, मुम्बई, कानपुर, इलाहाबाद, पटना, गुजरात और वाराणसी के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि के रूप में संजय लोहिया, सुनीता लोहिया, मीना त्रिवेदी, पूजा मधोक, पूजा दीक्षित, अनुपमा राय आदि उपस्थित रहीं। उपस्थित मेहमानों ने एग्जीविशन का अवलोकन किया और आयोजकों के प्रयास की सराहना की। इस प्रदर्शनी का आयोजन एकता कपूर, गुंजन जालान और नेहा गिनोडिया द्वारा किया गया है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों और हस्तशिल्पकारों को एक मंच प्रदान करना है। प्रदर्शनी में फैंसी सूट, ज्वेलरी, साड़ियां, बैग, पर्स सहित अन्य कई आकर्षक उत्पादों के स्टॉल लगे जो महिलाओं और युवाओं को आकर्षित कर रहे थे। खाने-पीने की भी विशेष व्यवस्था की गई। बालाजी पैलेस काशी द्वारा 'इच्छा स्वाद' नाम से फूड स्टॉल लगाए गए जो रवि शंकर राय के नेतृत्व में संचालित किए गए। यहां पर पिज्जा, बर्गर, चाऊमीन, डोसा, इडली के अलावा अन्य भी कई स्वादिष्ट व्यंजन उपलब्ध हैं।

## विश्वकर्मा समाज की एकजुटता और विकास पर मंथन



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नागपुर के उद्योगपति एवं समाजसेवी एमएम शर्मा ने भाजपा जिलाध्यक्ष व एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा से शिष्टाचार मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच विश्वकर्मा समाज को सशक्त बनाने तथा समाज की एकता को मजबूत करने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। एमएम शर्मा ने कहा कि समाज की उन्नति और विकास के लिए सभी लोगों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने समाज के लोगों से आपसी सहयोग, भाईचारा और संगठन को मजबूत बनाए रखने की अपील की। भाजपा एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा ने नागपुर से आए एमएम शर्मा का स्वागत और सम्मान किया तथा समाज की एकता और संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस दौरान विश्वकर्मा सभा के अध्यक्ष अमरनाथ विश्वकर्मा, मंत्री अनिल शर्मा, राजकुमार विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।




## काशी जेसीज चैरिटेबल ट्रस्ट बोर्ड की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन

● अनिल के जाजोदिया मैनेजिंग ट्रस्टी पंकज अग्रवाल सचिव और मनीष अग्रवाल कोषाध्यक्ष







**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** काशी जेसीज चैरिटेबल ट्रस्ट के सत्र 2026-28 हेतु चयनित ट्रस्ट बोर्ड सदस्यों की प्रथम कार्यकारिणी बैठक आज हरि विलास, सिद्धगिरी बाग, में संपन्न हुई। बैठक का प्रमुख कार्य सत्र 2026-28 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन रहा, जिसमें सर्वसम्मति से अनिल के. जाजोदिया को मैनेजिंग ट्रस्टी, पंकज अग्रवाल को सचिव एवं मनीष अग्रवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अतिरिक्त ललित लड्ढा, अनिल रस्तोगी, शैलेन्द्र रस्तोगी, विपुल शंकर पंड्या, राजेश सोनी, वरुण मूंदड़ा व जैनेन्द्र नाहर ट्रस्ट बोर्ड के सदस्य चुने गए। बैठक का प्रारम्भ औपचारिक कार्यवाही के साथ हुआ, जिसमें पिछली बैठक की पुष्टि, लिए गए निर्णयों की समीक्षा, निवर्तमान मैनेजिंग ट्रस्टी अनिल रस्तोगी का अध्यक्षीय उद्बोधन, सचिव राजेश सोनी एवं कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र रस्तोगी की रिपोर्ट तथा अंकेक्षित आय व्यय विवरण प्रस्तुत किये गए।

## खुशहाल प्रदेश बनाने के लिए निकली नशामुक्त पदयात्रा

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नशामुक्त भारत, खुशहाल भारत, अपराध मुक्त भारत के लक्ष्य को लेकर कार्यरत भगवती मानव कल्याण संगठन, शाखा-वाराणसी (काशी) द्वारा दिनांक 04.04.2026 दिन शनिवार को बी0एच0यू0 सिंह द्वार से विशाल नशामुक्त पद यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में बड़ी संख्या में संगठन के कार्यकर्ता एवं नगरवासियों ने समाज को नशामुक्त परिवार अपराध मुक्त समाज बनने का संदेश दिया। साथ ही सरकार से नशामुक्त प्रदेश की मांग उठाई जाएगी । कार्यक्रम में पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम से संगठन की केंद्रीय अध्यक्ष शक्ति स्वरूप बहन पूजा शुक्ला, संगठन के केंद्रीय महासचिव अजय अवस्थी व चेतना आरूणी की उपस्थिति रही।

जनमुख
परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।
रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## मीरजापुर समाचार

### समाज के दबे कुचले लोगों का सम्मान केवल भारतीय जनता पार्टी जैसे राजनीतिक दल में ही संभव




**मीरजापुर।** समाज के दबे कुचले लोगों का सम्मान केवल भारतीय जनता पार्टी जैसे राजनीतिक दल में ही संभव है अन्य दलों में ऐसा नहीं है।

उक्त विचार भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष लाल बहादुर सरोज ने भाजपा कार्यालय में प्रथम मुलाकात के दौरान पत्र प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मेरे जैसा छोटा कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष बनाया गया जिसकी मुझे कोई उम्मीद नहीं थी। श्री सरोज ने कहा कि मैं समाज के हर वर्ग को जोड़कर भाजपा को मजबूत बनाऊंगा। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकर्ताओं के मन में कोई असंतोष नहीं है सभी लोग कंधा से कंधा मिलाकर एक दूसरे से जुड़कर चल रहे हैं। दूसरे प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकाल में जितनी प्रगति हुई उतना अन्य किसी भी कार्यकाल में नहीं हुआ है। श्री सरोज ने कहा कि जनपद के सड़कों को भाजपा के ही कार्यकाल में नवजीवन मिला। यदि कहीं कोई कमी है तो उसे यथाशीघ्र दूर कर लिया जाएगा इस अवसर पर भाजपा विधायक रत्नाकर मिश्रा, रमाशंकर पटेल तथा शुचि स्मिता मौर्य के अतिरिक्त भाजपा प्रवक्ता भावेश शर्मा मौजूद थे।

## मऊ समाचार

### मुहम्मदाबाद गोहना सीट पर विधायक राजेंद्र या कोई और मजबूत

**मऊ।** यूपी की 403 विधानसभा सीटों पर सर्वे कर रहा है। किस सीट पर अब किसकी हवा है। जनता की पसंद कौन है, मौजूदा विधायक या कोई और। इस सर्वे में भाग लेकर आप बताइए, मऊ की मुहम्मदाबाद गोहना विधानसभा सीट पर सपा विधायक राजेंद्र कुमार क्या आप फिर उम्मीदवार बनाना चाहते हैं या फिर यहां भाजपा से पूनम सरोज, श्रीराम सोनकर और छोटू प्रसाद में से आपकी कौन पसंद है? अगर कोई और पसंद है तो उसका नाम भी आप अन्य के ऑप्शन में दे सकते हैं। सपा से आप किसे उम्मीदवार बनाना चाहते हैं—बैजनाथ पासवान, अशोक कुमार और पंकज पासवान में से किसको? अपनी पसंद बताएं। बसपा से धर्म सिंह गौतम, रंजना भारतीया और जेके आजाद में से आप किसे उम्मीदवार के रूप में पसंद करेंगे। आपकी पहचान कभी भी उजागर नहीं होगी।

## गाजीपुर समाचार

### सोते समय वृद्ध की सिर कूंचकर हत्या, परिजनों में मचा कोहराम, जांच में जुटी पुलिस



**गाजीपुर।** जिले के करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के हरदासपुर कटरा में शुक्रवार रात एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। घर में सो रहे रामबचन ठाकुर की अज्ञात हमलावरों ने सिर कूंचकर हत्या कर दी।

घटना से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। थाना प्रभारी रमेश पटेल ने बताया कि रामबचन ठाकुर रात में अपने घर में सो रहे थे। इसी दौरान किसी ने उन पर हमला कर दिया और सिर कूंचकर उनकी हत्या कर दी। सुबह घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उधर, घटना की सूचना मिलते ही मौके पर एएसपी ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर पहुंच गए और घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि हत्या के कारणों की जांच की जा रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

## सुल्तानपुर समाचार

### बुजुर्ग मरीज की मौत, इलाज में लापरवाही का आरोप

**सुल्तानपुर।** मेडिकल कॉलेज में भर्ती एक बुजुर्ग मरीज की मौत के बाद परिजनों ने चिकित्सकीय लापरवाही का आरोप लगाया है। घटना बृहस्पतिवार देर रात की है। कोइरीपुर निवासी 65 वर्षीय सज्जाद को रात करीब एक बजे गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज के चौथे तल स्थित वार्ड में भर्ती कराया गया था। मरीज के तीमारदार सरफराज राइन का आरोप है कि पूरी रात कोई डॉक्टर देखने नहीं आया। बताया कि सुबह मरीज की हालत बिगड़ी तो कोई समय पर उपचार नहीं मिला और उसकी मौत हो गई। आरोप है कि मौत के बाद उन्होंने वीडियो बनाना शुरू किया तो मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने अभद्रता करते हुए वीडियो डिलीट करवा दिया। प्राचार्य डॉ. प्रियांक वर्मा ने बताया कि मरीज शुगर और ब्लड प्रेशर के साथ अन्य गंभीर समस्याओं से ग्रसित थे। गंभीर हालत में उन्हें भर्ती कराया गया था।

## गोरखपुर समाचार

### अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी, युवती ने फंदे से लटक कर दी थी जान

**गोरखपुर।** विदेश में काम करने वाले शख्स की पुत्री (22) चौरीचौरा स्थित एक कपड़े की दुकान में काम करती थी। आरोप था कि वहीं, भोपा बाजार निवासी एक युवक भी पहले उसी दुकान पर कार्यरत था। आरोप है कि युवक ने युवती का अश्लील वीडियो और फोटो बनाकर उसे लगातार ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया था। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी से परेशान होकर फंदे से लटक कर जान दी थी। धमकी से परेशान युवती ने सुसाइड से एक दिन पहले आरोपी युवक के खिलाफ थाने में भी तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इसकी जानकारी परिजनों ने दी। परिजन पुलिस को सूचना दिए बगैर शव का अंतिम संस्कार करने जा रहे थे, लेकिन पुलिस ने हस्तक्षेप करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। देर शाम पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार, विदेश में काम करने वाले शख्स की पुत्री (22) चौरीचौरा स्थित एक कपड़े की दुकान में काम करती थी। आरोप था कि वहीं, भोपा बाजार निवासी एक युवक भी पहले उसी दुकान पर कार्यरत था। आरोप है कि युवक ने युवती का अश्लील वीडियो और फोटो बनाकर उसे लगातार ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया था। वह वीडियो वायरल करने की धमकी देकर युवती को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। परिजनों ने बताया कि आरोपी युवक ने बेटी की तय शादी में भी बाधा डालने की कोशिश की। वह लगातार लड़की के होने वाले ससुराल पक्ष को फोन कर शादी न करने की धमकी दे रहा था। इससे युवती काफी तनाव में थी और बदनामी के डर से गहरे अवसाद में चली गई थी।

## प्रयागराज समाचार

### वाहनों का मैनुअल फिटनेस प्रयागराज में हीःहाईकार्ट ने कहा- यहीं आरटीओ में कराएं



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ट्रांसपोर्टरों और कॉमर्शियल वाहन स्वामियों को बड़ी राहत देते हुए वाहनों के फिटनेस सर्टिफिकेट के रिन्युवल प्रयागराज आरटीओ से ही मैनुअल तरीके से कराने की अनुमति दी है। इसके लिए उन्हें दूसरे जिले (मिर्जापुर) में जाने की बाध्यता नहीं होगी। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वाहन मालिक इस आदेश की वेबसाइट कॉपी दिखाकर अपना काम करा सकते हैं। यह आदेश न्यायमूर्ति अरिंदम सिन्हा एवं न्यायमूर्ति देवेंद्र सिंह प्रथम की खंडपीठ ने गुलाब सिंह व चार अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। मामला केंद्रीय मोटर वाहन नियम के उस संशोधन से जुड़ा है, जिसके तहत व्यावसायिक और भारी वाहनों का फिटनेस टेस्ट केवल ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन से ही कराने का नियम बनाया गया है। इसी क्रम में केंद्र सरकार के अवर सचिव ने पत्र जारी कर उत्तर प्रदेश के 35 जिलों में मैनुअल फिटनेस सिस्टम को गत एक जनवरी से बंद कर दिया था। ट्रांसपोर्टर्स की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता शशि नंदन व अधिवक्ता उदयन नंदन ने कोर्ट को बताया कि नए नियम के तहत प्रयागराज के कॉमर्शियल वाहनों को रिन्युवल के लिए मिर्जापुर जाना निर्धारित किया गया है और प्रयागराज में रजिस्टर्ड गाड़ियों को फिटनेस टेस्ट के लिए मिर्जापुर में बने नए ऑटोमेटेड सेंटर जाने को मजबूर किया जा रहा है। वकीलों ने दलील दी कि गाड़ियां अपने तय परमिट रूट पर ही चल सकती हैं। फिटनेस के लिए उन्हें परमिट वाले रूट से बाहर भेजना मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 66 का उल्लंघन है। ऐसे में ये वाहन फिटनेस सर्टिफिकेट के लिए परमिट रूट से इतर जाएंगे तो उनका चालान हो जाएगा। राज्य व केंद्र सरकार के वकीलों ने कोर्ट को बताया कि इस समस्या को लेकर पत्राचार किया गया है। कोर्ट ने पाया कि अधिकारियों के पास फिलहाल इस भौगोलिक समस्या का कोई व्यावहारिक विकल्प नहीं है। इस पर कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए आठ अप्रैल की तारीख तय करते हुए तब तक के लिए प्रयागराज से ही मैनुअल फिटनेस कराने की अनुमति दे दी।

## आजमगढ़ समाचार

### परसहा रेलवे ट्रैक पर मजदूर की ट्रेन से कटकर मौत

**फरिहा।** निजामाबाद थाना क्षेत्र में शुक्रवार को फरिहा और परसहा के बीच रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से एक मजदूर की कटकर मौत हो गई। मृतक झारखंड का रहने वाला था। वह ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता था। निजामाबाद थाना प्रभारी हीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी की पहचान अर्जुन उर्फ बिरसा (24) निवासी झारखंड के रूप में हुई है। वह अपने परिवार के साथ पिछले करीब दस वर्षों से बनगांव स्थित एक ईंट भट्ठे पर रहकर मजदूरी करता था। उसके माता-पिता भी करीब बीस वर्षों से वहीं काम कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि शुक्रवार दोपहर एक बजे अर्जुन फरिहा-परसहा रेलवे ट्रैक के पास गया था, तभी अचानक ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही कटकर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही फरिहा चौकी व निजामाबाद थाने की पुलिस मौके पर पहुंची।

## सोनभद्र समाचार

### बैल बेचने का नहीं दिया पैसा और जादू टोना के शक में की गला दबाकर हत्या



**सोनभद्र।** दो साल पहले बैल बेचने का पैसा नहीं देने और जादू टोना के शक में तीन आरोपियों ने जुगैल थाना क्षेत्र के बड़गांवा में शिवचरन गोंड (42) की गला दबाकर हत्या कर दी। वारदात से पहले उसे घर से बुलाकर शराब पिलाई गई। जब वह नशे में धुत हो गया, तब आरोपियों ने गला दबाकर मार डाला। शव को सोन नदी के किनारे फेंक दिया। थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि यह खुलासा आरोपियों ने पुलिस की पूछताछ में किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना 14 मार्च की है, लेकिन चार दिन बाद शव मिलने पर परिवार को इसकी जानकारी हुई। छानबीन में जुटी पुलिस ने हत्या से जुड़े ठोस सुराग मिलने के बाद बृहस्पतिवार को प्राथमिकी दर्ज कर तीन आरोपियों चौरा-बिजौरा निवासी रामप्रसाद यादव, बिजौरा निवासी छोटेलाल और परसराम उर्फ सरवन उर्फ सुखदेव को गिरफ्तार किया है। जुगैल थाना क्षेत्र के बड़गांवा निवासी शिवचरन गोंड 14 मार्च की शाम से लापता थे। 19 मार्च को उनका शव सोन नदी किनारे गुजरी में सड़ी-गली अवस्था में मिला था। पोस्टमार्टम के दौरान सामने आया कि गला दबाकर हत्या की गई है। बृहस्पतिवार को मृतक की पत्नी इसरावती थाने पहुंची और तहरीर देते हुए बताया कि जुगैल थाना क्षेत्र के चौरा-बिजौरा निवासी रामप्रसाद यादव उसके यहां 14 मार्च की शाम चार बजे आया था। कुछ जरूरी काम होने की बात कहते हुए उसके पति को बाइक से अपने साथ ले गया। उसके बाद से ही उनका पता नहीं चल रहा था। थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि जांच आगे बढ़ाई गई तो पता चला कि रामप्रसाद और शिवचरन दोनों ने एक साथ बैठकर शराब पी थी। उस वक्त उनके साथ बिजौरा निवासी छोटेलाल और परसराम उर्फ सरवन उर्फ सुखदेव भी मौजूद थे। इन्हीं तीनों ने मिलकर शिवचरन की हत्या की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपियों के बारे में पता चला कि तीनों अपने घर पर मौजूद हैं। सुबह साढ़े 10 बजे दबिश देकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। थाने लाकर पूछताछ की गई तो पता चला कि रामप्रसाद को इस बात की नाराजगी थी कि शिवचरन ने दो साल पूर्व उसका बैल किसी को बेच दिया था लेकिन उसका पैसा अब तक नहीं दिया था।

## जौनपुर समाचार

### तालाब में डूबने से युवक की मौत

**जौनपुर।** बक्शा थाना क्षेत्र के सरायरैचंद गांव में शुक्रवार की सुबह तालाब में एक 35 वर्षीय युवक का शव उतराया हुआ मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे प्रधान एवं परिजनों ने शव की शिनाख्त कर पुलिस को सूचना दी। उक्त गांव निवासी धर्मेंद्र उर्फ बच्चा गौड़ पुत्र धन्नू का शव सुबह गांव के ही तालाब में उतराया देख हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों की चीख पुकार से ग्रामीण मर्माहत हो उठे। सूचना पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने शव को कब्जे में लेते हुए आवश्यक कार्यवाही हेतु भेज दिया। घटनास्थल पर पहुंचे लोग तरह-तरह के कयास लगा रहे थे। मृतक के भाई सुभाष की तहरीर पर पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी। थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## भदोही समाचार

### मनोनीत हुए सभासदों को एसडीएम ने दिलाई शपथ



**ज्ञानपुर।** नगर पंचायत कार्यालय में शुक्रवार को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। मनोनीत सभासदों को एसडीएम भान सिंह ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शासन की ओर से रत्नेश्वर पांडेय और पुष्पेंद्र जायसवाल को मनोनीत सभासद बनाया गया है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। चेयरमैन घनश्याम दास गुप्ता ने कहा कि नगर के समग्र विकास के लिए सभी को मिल-जुलकर काम करने की जरूरत है। विकास में प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी की बात कही। सभासदों ने नगर पंचायत के विकास का संकल्प लिया।

## देवरिया समाचार

### गंडक नदी में कूदी किशोरी, युवक ने डूबने से बचाया

**देवरिया।** पिता की डांट से नाराज होकर छोटी गंडक नदी में कूदी एक किशोरी की जान एक युवक की बहादुरी से बच गई। घटना का वीडियो शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोगों को इसकी जानकारी हुई। लोग युवक के साहस की सराहना कर रहे हैं। हालांकि वायरल वीडियो की संवाद न्यूज एजेंसी पुष्टि नहीं करती है।



बताया जा रहा है कि घटना रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के पटनवा पुल के पास की है। शुक्रवार की शाम एक किशोरी पिता की डांट से आहत होकर नदी में कूद गई। डूब रही किशोरी को बचाने के बजाय नदी के दूसरी तरफ खड़े कुछ लोग उसका वीडियो बनाने लगे। इसी दौरान पथरदेवा निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य राणा प्रताप सिंह का पुत्र कुलदीप सिंह वहां से गुजर रहा था। किशोरी को डूबता देख उसने तुरंत बाइक किनारे खड़ी की और बिना अपनी जान की परवाह किए नदी में छलांग लगा दी। उसने किशोरी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

किनारे लाने के बाद युवक ने सूझबूझ दिखाते हुए किशोरी की पीठ पर हथेली से दबाकर पेट से पानी बाहर निकाला। कुछ देर में किशोरी की सांस सामान्य हो गई। घटना की सूचना मिलने पर एसओ अश्वनी प्रधान पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और युवक की बहादुरी की सराहना की। महिला पुलिस की मदद से किशोरी को थाने लाया गया, जहां बाद में परिजनों को बुलाकर उसे सौंप दिया गया।

एसओ ने बताया कि किशोरी पिता की डांट से नाराज होकर नदी में कूद गई थी। परिजनों को समझा-बुझाकर उसे सुपुर्द कर दिया गया है।

## चंदौली समाचार

### प्रभु यीशु के बलिदान की कहानी सुनकर लोगों की छलकीं आंखें

**चंदौली।** प्रभु ईसा मसीह के बलिदान दिवस गुड फ्राइडे पर शुक्रवार को गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना हुई। मसीही समुदाय के लोगों ने उपवास भी रखा। अपने पापों से मुक्ति की दुआएं मांगी। नगर के यूरोपियन कॉलोनी स्थित क्राइस्ट द किंग चर्च में आयोजित प्रार्थना सभा प्रभु यीशु के बलिदान की कथा सुन लोगों की आंखें आंसूओं से भर गईं। फादर शांतिराज ने कहा कि प्रभु यीशु ने दुनिया के लोगों के पाप को अपने सिर पर ले लिया और बलिदान हो गए।

प्रभु यीशु को क्रूस (दो लकड़ी के लट्ठों से बनी एक संरचना है) पर चढ़ाए जाने के दिन को गुड फ्राइडे के रूप में मनाया जाता है। रविवार से ही क्राइस्ट द किंग चर्च में आयोजन शुरू हो गए थे। शुक्रवार की शाम गुड फ्राइडे पर चर्च में विशेष प्रार्थना की गई।

## बलिया समाचार

### बर्तन दुकानदार ने फंदा लगा की आत्महत्या



**सिकंदरपुर (बलिया)।** कस्बा स्थित डोमनपुरा मोहल्ले में शुक्रवार की सुबह अभिषेक ठठेरा (24) घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।


डोमनपुरा मोहल्ला निवासी अभिषेक ठठेरा (24) बचपन से ही अपनी नानी के घर पर रहता था। उसकी पुलिस चौकी मार्ग में बर्तन की दुकान है।

परिजनों ने बताया कि सुबह नाश्ता करने के बाद दूसरी मंजिल स्थित कमरे में चला गया, जहां अंदर से कमरा बंद कर फंदा लगा लिया। दुकान का समय होने के बावजूद भी नीचे न उतरने पर नानी उसे बुलाने कमरे में गई, कमरा न खुलने चिल्लाने लगीं। परिवार के लोग पहुंच गए, उन्होंने दरवाजा तोड़ा तो अंदर कमरे में अभिषेक फंदे पर लटका हुआ था। परिजन फंदे से उतार कर सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजना चाहा तो परिजनों ने मना कर दिया। पुलिस ने पंचायतनामा कर शव को परिजनों को सौंप दिया। वहीं, नाती की मौत से दुखी सुभावती देवी की तबीयत बिगड़ गई। परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर ले गए।

प्रभारी मूलचंद चौरसिया ने बताया कि युवक ने अपने घर की दूसरी मंजिल पर फंदा लगाया था। परिजनों की ओर से तहरीर नहीं दी गई है।

## लाइफ मंत्र

### चारधाम मार्ग पर अब रात 10 बजे के बाद थमेगा पहियों का शोर, यात्रियों की सुरक्षा के लिए बदले नियम




उत्तराखंड में आगामी 19 अप्रैल 2026 से शुरू हो रही चारधाम यात्रा के लिए प्रशासन ने नए और सख्त गाइडलाइंस लागू किए हैं। पहाड़ी रास्तों पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अब वाहनों के संचालन के समय में बदलाव किया गया है।

**क्या हैं नए नियम?**

**रात्रि प्रतिबंधः** यात्रा मार्गों पर रात 10:00 बजे से सुबह 04:00 बजे के बीच वाहनों के चलने पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। कुछ विशेष संवेदनशील मार्गों पर यह प्रतिबंध शाम 08:00 बजे से भी लागू हो सकता है।

**ग्रीन कार्ड अनिवार्यः** किसी भी व्यावसायिक वाहन को बिना ग्रीन कार्ड के ऋषिकेश से आगे जाने की अनुमति नहीं होगी। यह कार्ड वाहन की फिटनेस और ड्राइवर के दस्तावेजों की जांच के बाद ही जारी किया जा रहा है।

**ट्रैकिंग और जीपीएसः** सरकार यात्रियों की सुरक्षा के लिए मोबाइल जीपीएस के जरिए वाहनों की लोकेशन ट्रैक करेगी ताकि आपात स्थिति में तुरंत मदद पहुंचाई जा सके।

**क्यों लिया गया यह फैसला?**

**दुर्घटनाओं पर लगामः** रात के समय पहाड़ों पर Visibility कम हो जाती है और जंगली जानवरों का खतरा भी बना रहता है।

**ड्राइवरों को आरामः** लगातार ड्राइविंग से होने वाली थकान के कारण होने वाले हादसों को कम करने के लिए यह अनिवार्य विश्राम समय तय किया गया है।

**जाम से मुक्तिः** सुबह-सुबह ट्रैफिक को व्यवस्थित तरीके से छोड़ने के लिए चेक पोस्ट पर भीड़ को नियंत्रित करना आसान होगा।

**इन बसों के प्रवेश पर रहेगी रोक**

ऐसी बसें जिनकी चौड़ाई 2570 मिलीमीटर से ज्यादा है या जिनका व्हील बेस (पहियों के बीच की दूरी) 4500 मिलीमीटर से अधिक है, उन्हें पहाड़ी मार्गों पर जाने की अनुमति नहीं होगी। इन मानकों से बड़े वाहनों को हरिद्वार या ऋषिकेश के पार्किंग स्थलों पर ही रोक दिया जाएगा। बड़े वाहनों से आने वाले यात्रियों को ऋषिकेश से छोटी बसों या टैक्सियों के माध्यम से आगे की यात्रा पूरी करनी होगी।

**ड्राइवरों के लिए अनिवार्य कोड ऑफ कंडक्ट**

**ड्रेस कोड और सुरक्षाः** वाहन चलाते समय चालक के लिए जूते पहनना अनिवार्य है (चप्पल या सैंडल पहनकर गाड़ी चलाने की अनुमति नहीं होगी)।

**स्वास्थ्य परीक्षणः** केवल उन्हीं चालकों को स्टेयरिंग संभालने दिया जाएगा जिनके पास वैध मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट होगा।

**मार्ग का ज्ञान (Training):** मैदानी इलाकों या अन्य राज्यों से आने वाले बाहरी चालकों को सीधे पहाड़ों पर जाने की इजाजत नहीं मिलेगी। उन्हें पहले पहाड़ी रास्तों का विशेष प्रशिक्षण (Route Orientation) लेना होगा।

**अनुभव को प्राथमिकताः** यात्रा मार्ग पर केवल उन्हीं ड्राइवरों को अनुमति दी जाएगी जिनके पास पहाड़ी ढलानों और घुमावदार रास्तों पर गाड़ी चलाने का पर्याप्त अनुभव है।

# सिंगर बनना नहीं था सपना, किस्मत ने बनाया Punjabi Music का Superstar



आज यानी की 04 अप्रैल को पंजाबी सिंगर गैरी संधू अपना 42वां जन्मदिन मना रहे हैं। संधू कभी सिंगर नहीं बनना चाहते थे और उन्होंने न कभी संगीत करियर बनाने का सपना देखा। आज वह ग्लोबल लेवल पर फैंस के दिलों पर राज कर रहे हैं। आज यानी की 04 अप्रैल को पंजाबी सिंगर गैरी संधू अपना 42वां जन्मदिन मना रहे हैं। संधू कभी सिंगर नहीं बनना चाहते थे और उन्होंने न कभी संगीत करियर बनाने का सपना देखा। लेकिन अन्य सिंगर्स को देखते-सुनते और समझते हुए गैरी संधू का रुझान संगीत की ओर बढ़ा। आज वह ग्लोबल लेवल पर फैंस के दिलों पर राज कर रहे हैं। तो आइए जानते हैं उनके जन्मदिन के मौके पर गैरी संधू के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

**जन्म और परिवार**

जालंधर के गांव रूड़का कलां में 04 अप्रैल 1984 को गैरी संधू का जन्म हुआ था। वह पढ़ाई में कमजोर थे और उनके पिता एक ड्राइवर थे। गैरी संधू का परिवार आर्थिक रूप से संपन्न नहीं था। आमदनी कम होने के कारण उनके परिवार को आर्थिक तंगी का भी सामना करना पड़ा। ऐसे में परिवार की परेशानियों को देखते हुए गैरी ने गायन में किस्मत आजमाने की सोचा।

**धार्मिक स्थलों पर गाते थे गाना**

गैरी संधू घर में रेडियो पर गाना सुनते थे और फिर कई धार्मिक स्थलों पर जाकर गाना गाते थे। ऐसे में उन्होंने कविश्री शैली सीखने का फैसला किया। वहीं 13 साल की उम्र में उन्होंने गुरदीप सिंह से पंजाब के लोकगीत को सीखा। इसके बाद उन्होंने बेहतर भविष्य और पैसे की तलाश में इंग्लैंड चले गए। गैरी संधू ने 10वीं कक्षा के बाद आगे पढ़ाई नहीं की और पढ़ाई के बदले काम को चुना।

**पॉपुलर हुए गैरी**

इंग्लैंड में गैरी संधू ने कई अलग-अलग तरह के काम किए। फिर साल 2019 में 'मैं नी पींदा' गाना रिलीज किया। इस गाने में भांगड़ा स्टाइल और पंजाबी वाइब ने फैंस को अपना दीवाना बना दिया। लेकिन इसी के साथ सिंगर को साल 2011 में भारत वापस भेज दिया गया। वहीं यूके में गैरी संधू पर अवैध रूप से रहने के आरोप लगे। ऐसे में उनको डिपोर्ट करके भारत भेज दिया गया। अब तक सिंगर के 4 गाने रिलीज हो चुके थे और गैरी काफी ज्यादा पॉपुलर हो चुके थे।

**गैरी के गाने**

इंग्लैंड से भारत आने के बाद सिंगर को बड़ा झटका लगा। क्योंकि सिंगर को न सिर्फ डिपोर्ट किया गया, बल्कि 8 साल का बैन भी लगाया गया। भारत में रहने के बाद गैरी डिप्रेशन महसूस करने लगे। ऐसे में उनकी मां ने गैरी का हौसला बढ़ाया। वहीं साल 2017 में जैस्मीन सैंडलस के साथ गैरी का 'इलीगल वेपन' और 'बेबी' गाना सुपरहिट साबित हुआ। इसके बाद गैरी को फिल्मों में गाने के ऑफर आने लगे। उन्होंने फिल्म 'दे दे प्यार दे' के लिए 'हौली हौली' और फिल्म 'स्ट्रीट डांसर 3D' में तीन गानों 'सिप सिप 2.0', 'इलीगल वेपन 2.0', और 'कमिंग होम' में अपनी आवाज से गैरी ने फैंस को अपना दीवाना बना लिया। इसके अलावा गैरी ने खुद का सिंगल एल्बम भी रिलीज किया।



# रू.1500 करोड़ के क्लब में शामिल हुई रणवीर सिंह की फिल्म, तोड़े कई बड़े रिकॉर्ड

**डायरेक्टर आदित्य धर की जासूसी थ्रिलर 'धुरंधरः द रिवेंज' बॉक्स ऑफिस पर एक अजेय योद्धा की तरह आगे बढ़ रही है। रिलीज के तीसरे शुक्रवार (16वें दिन) को फिल्म ने न केवल अपनी पकड़ मजबूत रखी, बल्कि दुनिया भर में रू. 1500 करोड़ का जादुई आंकड़ा पार कर एक नया इतिहास रच दिया है।**

डायरेक्टर आदित्य धर की जासूसी थ्रिलर 'धुरंधरः द रिवेंज' बॉक्स ऑफिस पर एक अजेय योद्धा की तरह आगे बढ़ रही है। रिलीज के तीसरे शुक्रवार (16वें दिन) को फिल्म ने न केवल अपनी पकड़ मजबूत रखी, बल्कि दुनिया भर में रू.1500 करोड़ का जादुई आंकड़ा पार कर एक नया इतिहास रच दिया है। इस फ़िल्म ने पहले ही 'KGF: Chapter 2' (रू.859.70 करोड़), 'RRR' (रू. 782.20करोड़), और 'Kalki 2898 AD' (रू.646 करोड़) के भारत में हुए कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया है। गुरुवार को कलेक्शन में गिरावट के बाद, 'धुरंधरः द रिवेंज' की रफ़्तार थोड़ी धीमी पड़ गई थी। हालाँकि, ऐंम्हग्त्व की रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को 13,317 शो में फ़िल्म की कमाई में 17.8% की बढ़ोतरी दर्ज की गई, कमाई रू.18.30 करोड़ से बढ़कर रू.21.55 करोड़ हो गई।

'धुरंधरः द रिवेंज' अभी आमिर खान की 'दंगल' (रू.2070 करोड़), प्रभास की 'बाहुबलीः द कंक्लूजन' (रू.1,810.60 करोड़), और 'पुष्पा 2: द रिवेंज' (रू.1,742.10 करोड़) से पीछे चल रही है।

**भारत में 16 दिनों के बाद Dhurandhar 2 का दिन-वार बॉक्स ऑफिस ब्रेकअप देखें (स्रोतः Sacnilk)**

सप्ताह 1: Rs 674.17 करोड़

शुक्रवारः Rs 41.75 करोड़
शनिवारः Rs 62.85 करोड़
रविवारः Rs 68.10 करोड़
सोमवारः Rs 25.30 करोड़
मंगलवारः Rs 27.25करोड़
बुधवारः Rs 20.10 करोड़
गुरुवारः Rs 17.80 करोड़
शुक्रवारः Rs 21.55 करोड़


Dhurandhar: The Revenge ने दुनिया भर में Rs1500 करोड़ कमाए

रिपोर्ट के अनुसार, Dhurandhar: The Revenge का भारत में कुल ग्रॉस कलेक्शन Rs 1,148.58 करोड़ और अब तक का कुल नेट कलेक्शन Rs959.37 करोड़ तक पहुँच गया है। विदेशों में, फिल्म ने 16वें दिन Rs 5.00 करोड़ कमाए, जिससे इसका कुल विदेशी ग्रॉस कलेक्शन अब तक Rs 375.00 करोड़ हो गया है। इससे दुनिया भर का कुल ग्रॉस कलेक्शन बढ़कर Rs1,523.58 करोड़ हो गया है।

Dhurandhar: The Revenge, हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज़ हुई थी। फिल्म में रणवीर सिंह, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त, आर माधवन, सारा अर्जुन, उदयबीर संधू, गौरव गेरा, मानव गोहिल, राकेश बेदी, बिनय ओबेरॉय और राज जुत्शी जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में हैं।

यह स्पाई थ्रिलर Jio Studios और B62 Studios द्वारा सह-निर्मित है। Dhurandhar: The Revenge, 19 मार्च 2026 को अभिनेता पवन कल्याण की तेलुगु एक्शन-ड्रामा फिल्म Ustaad Bhagat Singh के साथ सिनेमाघरों में रिलीज़ हुई थी।

# बॉक्स ऑफिस महासंग्राम! Independence Day पर इमरान हाशमी की 'Awarapan 2' और सनी देओल की 'Lahore 1947' में होगी भिड़ंत?



बॉलीवुड में त्योहारों और खास मौकों पर फिल्मों की रिलीज का चलन पुराना है, लेकिन इस साल का स्वतंत्रता दिवस (Independence Day) बॉक्स ऑफिस पर एक जबरदस्त धमाका लेकर आ सकता है। बॉलीवुड में त्योहारों और खास मौकों पर फिल्मों की रिलीज का चलन पुराना है, लेकिन इस साल का स्वतंत्रता दिवस (Independence Day) बॉक्स ऑफिस पर एक जबरदस्त धमाका लेकर आ सकता है। चर्चा है कि इस 15 अगस्त के मौके पर बॉलीवुड के दो दिग्गज— इमरान हाशमी और सनी देओल— आमने-सामने होंगे।

**'Awarapan 2': इमरान हाशमी की बहुप्रतीक्षित वापसी**

इमरान हाशमी इन दिनों अपनी कल्ट क्लासिक फिल्म के सीक्वल 'आवारापन 2' (Awarapan 2) को लेकर सुर्खियों में हैं।

**रिलीज में देरीः** पहले यह फिल्म 3 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी, लेकिन तकनीकी कारणों से इसे टाल दिया गया।

**नई तारीखः** ताजा रिपोर्ट्स और Bollywood Hungama के अनुसार, मेकर्स अब इसे स्वतंत्रता दिवस के बड़े मौके पर भुनाने की तैयारी कर रहे हैं।

**स्टार कास्टः** इस फिल्म में इमरान के साथ दिशा पटानी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। बता दें कि 'आवारापन' का पहला भाग 2007 में आया था, जिसे आज भी इसके संगीत और कहानी के लिए याद किया जाता है।

**Lahore 1947 बनाम Awarapan 2**

बॉलीवुड एक्टर इमरान हाशमी इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म, Awarapan 2 को लेकर सुर्खियों में हैं। हालाँकि, यह फिल्म पहले 3 अप्रैल को रिलीज़ होने वाली थी, लेकिन कई कारणों से यह तय समय पर रिलीज़ नहीं हो पाई। अब, रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह फिल्म इस साल Independence Day के मौके पर रिलीज़ हो सकती है। इस स्थिति को देखते हुए, सनी देओल की फिल्म, Lahore 1947 के साथ बॉक्स ऑफिस पर टक्कर होने की संभावना बढ़ती जा रही है।

**आधिकारिक पुष्टि का इंतज़ार है**

खबर है कि इमरान हाशमी की फिल्म की कुछ शूटिंग अभी बाकी है, जिसके अप्रैल के आखिर तक पूरी होने की उम्मीद है। फिल्ममेकर्स ने कथित तौर पर रिलीज़ डेट फाइनल कर ली है। Bollywood Hungama की एक रिपोर्ट के अनुसार, इमरान हाशमी की Awarapan 2 इस Independence Day पर सिनेमाघरों में रिलीज़ हो सकती है।

हालाँकि, मेकर्स ने अभी तक रिलीज़ डेट को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। यह भी बता दें कि इस फिल्म में इमरान हाशमी के साथ दिशा पटानी भी नज़र आएंगी। Awarapan फ्रैंचाइज़ी की पहली फिल्म 2007 में रिलीज़ हुई थी।

Lahore 1947 के बारे में अगर इमरान हाशमी की Awarapan 2 सच में Independence Day पर रिलीज़ होती है, तो इसकी सीधी टक्कर सनी देओल की Lahore 1947 से होगी। इस फिल्म में सनी देओल के साथ प्रीति ज़िंटा नज़र आएंगी। Lahore 1947 को आमिर खान प्रोड्यूस कर रहे हैं। राजकुमार संतोषी इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। शबाना आज़मी भी फ़िल्म में एक अहम भूमिका में नज़र आएंगी।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर

मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ

गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
पताः टकसाल सिनेमा के सामने (नियर ताज होटल) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ

काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह
M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai
Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ

समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएंः पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU)
DM (GASTRO.) SMS Jaipur
परामर्श समयः 08:30 से 04:00 बजे तक
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ

ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time
12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]

मानसिक रोग विशेषज्ञ

तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ

डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी (लिगामेंट सर्जरी) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी

शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साईं मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप

Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप

NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS
MENS
TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप

DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ

पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682